# मृतक जीवन उर्फ सतीश बघेल हत्याकांड के सातों आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में, एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने ग्राम सिमरिया निवासी जीवन उर्फ सतीश बघेल की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए घटना में शामिल सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 13 सितंबर की रात करीब 9 बजे आरोपी विक्की उर्फ विक्रम बघेल ने अपने साथियों सुभाष बघेल, अंकित बघेल, अमन बघेल, पंकज बघेल, दीनू उर्फ दिनेश निर्मलकर और अंकुश राय के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते जीवन उर्फ सतीश बघेल पर उसके ही घर में घुसकर हमला किया। आरोपियों ने हाथ-पैर और बांस की लाठियों से बेरहमी से मारपीट की और उसे अधमरा हालत में छोड़कर बाहर शटर में ताला लगाकर फरार हो गए।घायल जीवन को परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान 14 सितंबर की सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद थाना कोतवाली में सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनकी गिरफ्तारी की।

## ये आरोपी हुए गिरफ्तार

1. सुभाष बघेल पिता बबलू बघेल (19), निवासी ग्राम कुदवारी थाना बंडोल।
2. अंकित बघेल पिता रामकुमार बघेल (19), निवासी ग्राम पुसेरा थाना लखनवाड़ा।
3. विक्की उर्फ विक्रम सिंह बघेल पिता राजकिशोर बघेल (35), निवासी ग्राम सिमरिया।
4. अमन बघेल पिता रामकिशोर बघेल (22), निवासी ग्राम गंगई थाना लखनवाड़ा।
5. पंकज बघेल पिता स्व. मुकेश बघेल (22), निवासी ग्राम लोनिया थाना कोतवाली।
6. दीपू उर्फ दिनेश निर्मलकर पिता सालिकराम निर्मलकर (30), निवासी ग्राम हिनोतिया थाना कान्हीवाड़ा, हाल जनता नगर टपरा मोहल्ला सिवनी।
7. अंकुश राय पिता रवीन्द्र राय (24), निवासी स्टेशन वार्ड केवलारी, हाल कटंगी नाका सिवनी।

## पुलिस टीम की विशेष भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उपनिरीक्षक दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश रघुवंशी सहित प्रधान आरक्षकयोगेश राजपूत, शेखर बघेल, बिनेश बघेल आरक्षक अमित, अजेन्द्र, प्रतीक, सिध्दार्थ, सुधीर, रविन्द्र, अंकित, मिथलेश, पंकज, जितेन्द्र, सतीश, लक्ष्मीप्रसाद, योगेश, महिला आरक्षक, निशा, कीर्ती, मिथलेश्वरी आरक्षकष चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

# निकिषा बघेल बनीं सहायक संचालक, सिवनी आगमन पर हुआ स्वागत

### राज्य सेवा परीक्षा 2024 में 14वीं रैंक हासिल कर जिले का बढ़ाया गौरव



**सिवनी ।** केवलारी तहसील की होनहार बेटी निकिषा बघेल ने मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2024 में 14वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन सहायक संचालक (वित्त विभाग) पद पर हुआ है।निकिषा, रघुनंदन सिंह बघेल एवं राजकुमारी बघेल की सुपुत्री हैं। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा दीप ज्योति पब्लिक स्कूल केवलारी से, माध्यमिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा से तथा स्नातक शिक्षा जबलपुर और स्नातकोत्तर छिंदवाड़ा से पूरी की। शिक्षा के साथ-साथ वे एनसीसी कैडेट रहीं और ताइक्वांडो में क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व भी किया।सिवनी मुख्यालय में उनके प्रथम आगमन पर मंगलवार को अनिल जायसवाल के निवास पर जायसवाल परिवार एवं सद्भाव ग्रुप ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नवल ठाकुर, आशीष गोलू सक्सेना, पिंकी उपाध्याय, ऋषिकांत त्रिवेदी, नन्दन श्रीवात्री, करम सिंह बघेल, विनीत जायसवाल, ओम सराठे, टिंकू ठाकरे, भूपेंद्र ठाकुर, निशांत तिव्हन, डेनियल, श्याम उइके, बाबा भाई सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। निकिषा ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजनों और सहयोगियों को देते हुए आभार व्यक्त किया।

# शासकीय महाविद्यालय कुरई में हुआ सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

**सिवनी ।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय कुरई में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाने का संदेश भी दिया जाएगा।महाविद्यालय प्राचार्य बी.एस. बघेल के संरक्षण में शुभारंभ दिवस पर स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौरान कॉलेज परिसर में गाजर घास का उन्मूलन, सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम संचालित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने श्रमदान एवं मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज गहरवार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान हमें स्वच्छ वातावरण बनाने और समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रेरित करता है। वहीं प्रो. पवन सोनिक ने कहा कि स्वच्छता को अपनाना मां भारती की सच्ची सेवा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ऐसे भारत का सपना देखा था जो आजाद होने के साथ-साथ स्वच्छ और विकसित भी हो। छात्रा माही श्रीवास ने अपने संबोधन में स्वच्छता को स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का मूलमंत्र बताया। अभियान के अंतर्गत विकसित भारत÷ थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें आलिया खान, अलीशा खान और साक्षी ठाकरे ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत को विकसित बनाने के विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में प्राचार्य बी.एस. बघेल, प्रो. पवन सोनिक, प्रो. जे.पी. मरावी, डॉ. तीजेश्वरी पारधी, डॉ. राजेंद्र कटरे, योगेश तिवारी, अलका नागले सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेहा बरमैया, आर्यन धौलपुरिया, आरती डहरवाल, कुशल पराते और माही धुर्वे की उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला संपन्न 228 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक रूप से चयन

**सिवनी ।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का सफल आयोजन किया गया। यह मेला शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें निजी क्षेत्र की 10 कंपनियों ने भागीदारी की। मेले में कुल 301 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 228 आवेदकों का विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया। चयनित आवेदकों में ग्रारेंड फाउंडेशन से 03, आमधन प्रा. लि. से 25 (अप्रेंटिसशिप हेतु 10), शेफ शॉफ सिवनी से 10, अंबुजा फाउंडेशन से 29, साई प्रसाद इंड्रस्टीयल सर्विसेस पुणे से 35, एनआईआईटी छिंदवाड़ा से 56, सीआईआई स्किल छिंदवाड़ा से 20, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से 35 तथा टेंगों सिक्योरिटी से 15 आवेदक शामिल हैं। वहीं सेन्टग आरएसीटी सिवनी ने प्रशिक्षण हेतु 15 आवेदकों का चयन किया। चयनित उम्मीदवारों को सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, कॉल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन ऑपरेटर, पर्यवेक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं तकनीकी सहायक जैसे पदों पर अवसर दिए गए।स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा एक आवेदक को 7.98 लाख रूपये की स्वीकृति राशि प्रदान की गई। साथ ही आजीविका मिशन द्वारा 4 स्व-सहायता समूहों से 54 आवेदकों को कुल 24 लाख रूपये के स्वीकृति आदेश एवं चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य रविशंकर नाग, जिला रोजगार अधिकारी व्ही.के. सदाफल, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बी.डी. डहेरिया, शासकीय आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी संदीप सैनी, पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक मानसिंह बघेल, ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जाम में दंगल का आयोजन 20 सितम्बर को,विधायक दिनेश राय मुनमुन होंगे मुख्य अतिथि

**सिवनी ।** थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जाम में 20 सितम्बर, शनिवार को विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 1 बजे से ग्राम जाम के बाजार चौक में होगा। दंगल में क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से नामी पहलवान शिरकत करेंगे।आयोजन समिति के अनुसार इस दंगल के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेंद्र सिंह ठाकुर करेंगे, उपाध्यक्ष रामनरेश सिंह ठाकुर होंगे, वहीं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सरपंच गोलू सनोडिया निभाएंगे। मंच संचालन राजेश सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा। निर्णायक मंडल में रविशंकर सनोडिया और कृष्णकांत राजपूत शामिल रहेंगे।आयोजन समिति ने बताया कि दंगल में विजेता पहलवानों के लिए आकर्षक इनाम रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए, द्वितीय 21 हजार रुपए, तृतीय 11 हजार रुपए, चतुर्थ 5100 रुपए और पंचम पुरस्कार 3100 रुपए रखा गया है। ग्रामवासी एवं आयोजन समिति दंगल की तैयारी में जुटी हुई हैं।

# कलेक्टर ने आयुषी अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैम्प का निरीक्षण किया



**सिवनी ।** जिले के नवाचार आयुषी अभियान के अंतर्गत एमएलबी विद्यालय सिवनी में आयोजित स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैम्प का कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षण कैम्प की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा छात्राओं से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और उन्हें संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाते हैं।उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत आयोजित पॉक्सो एक्ट, सायबर सुरक्षा तथा बाल विवाह से दुष्प्रभाव संबंधी जागरूकता सत्र के विषय विशेषज्ञों से भी चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्राओं को सामान्य भाषा में जानकारी दी जाए तथा उनकी शंकाओं का समाधान धैर्यपूर्वक किया जाए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि इन जागरूकता सत्रों से छात्राओं को न केवल स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलेगा, बल्कि वे सामाजिक कुरीतियों और अपराधों से बचाव के बारे में भी सजग होंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# नगरीय क्षेत्र में सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ : जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान



**सिवनी ।** केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ बुधवार को नगर पालिका सिवनी द्वारा नगर के हृदय स्थल श्री दुर्गा चौक से किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, पार्षद विजय गोलू मिश्रा, राजू यादव, संतोष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत श्री दुर्गा मंदिर परिसर, चौक और गार्डन की सफाई से हुई। इसके बाद अभियान बुधवारी मुख्य बाजार, सब्जी मंडी होते हुए मारुति मंदिर मार्ग से पुनः दुर्गा चौक पर संपन्न हुआ। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने श्रमदान कर झाड़ू लगाई, कचरा उठाया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और पखवाड़े को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। वहीं विधायक श्री दिनेश राय ने उपस्थितों को स्वच्छता शपथ दिलाई और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में

# सेवा पखवाड़े का जिलें में हुआ शुभारंभ

### वृहद रक्तदान शिविर और आयुषी अभियान की हुई शुरुआत



**सिवनी ।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आज जिले में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सिवनी में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गणमान्?य नागरिकों, मेडिकल कॉलेज,पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियो एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा 148 यूनिट उत्साह पूर्वक रक्तदान किया गया जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदाई सिद्ध होगा इस अवसर पर दानदाताओं का ई-रक्तकोष पोर्टल पर पंजीयन भी किया गया।

प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, पूर्व विधायकगण राकेश पाल एवं नरेश दिवाकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**सिवनी ।** प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकासत विभाग सिवनी ने बताया कि 17 सितम्बर 2025 विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत विभिन्न व्यवसाय संबंधित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने विभिन्न ट्रेनिंग ऑफिसर के मार्गदर्शन में मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक ने प्रदर्शनी में लगाए गए सभी मॉडल का अवलोकन किया और सराहना की। प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक ने मिशन शक्ति अंतर्गत हब एवं वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में आईटीआई प्राचार्य डी.के. ठाकुर, अधीक्षक सेवक राम मर्सकोले, ट्रेनिंग ऑफिसर खुशबू सोनी, सपना ठाकरे, रीना बेलेश्वर, राजेश्वरी अड़मे, वर्षा राहंगडाले, वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक, सेन्ट्रल एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती नारायणी सक्सेना केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना की उपस्थिति रही।

# नगर वन को लेकर सतनवाडा रेंजर माधवसिंह सिकरवार एवं रेंजर सोमेश शर्मा ने नरवर की पहाड़ियों का किया निरीक्षण



**शिवपुरी ब्यूरो प्रमुख - कृपाल सिंह सोलंकी**

नरवर में नगर वन के विकास के लिए वन विभाग सतनवाडा रेंजर माधवसिंह सिकरवार एवं रेंजर सोमेश शर्मा और स्थानीय अधिकारियों ने मौका स्थल का निरीक्षण किया। इस परियोजना के तहत नल-दमयंती पहाड़ी, नल भोजनम के ऊपर की पहाड़ी से लेकर बालकदास आश्रम के आगे तक के फॉरेस्ट एरिया को विकसित किया जाएगा।

**नगर वन की विशेषताएं और लाभ-**- विविध गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान- नगर वन बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए विभिन्न गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान होगा।

- पर्यावरण संरक्षण- नगर वन के विकास से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और क्षेत्र की हरियाली बढ़ेगी।
- मनोरंजन और शिक्षा- नगर वन बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजन और शिक्षा का केंद्र होगा।
- स्थानीय समुदाय के लिए अवसर- नगर वन के विकास से स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आर्थिक अवसर भी बढ़ेंगे।

नगर वन के विकास की योजना- - 2 करोड़ रुपये की लागत- करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से इसमें कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। - बेहतर कार्ययोजना का क्रियान्वयन- नगर वन को लेकर बड़े स्तर पर प्लानिंग की जा रही है ताकि नरवर के लिए बेहतर से बेहतर कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया जा सके।

नगर वन के विकास से नरवर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, मनोरंजन और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होने की उम्मीद है। यह परियोजना स्थानीय समुदाय के लिए भी लाभदायक होगी और क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगी।

# भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 23 सितम्बर को

**सिवनी ।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी में दिनांक 23 सितम्बर 2025 को प्रातः 11-30 बजे आयोजित किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी समस्याओं एवं सुझावों को सीधे रख सकेंगे। समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय चर्चा की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# केंद्रीय मंत्री ने नौगांव सिविल अस्पताल से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार एवं राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धार जिले से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया एवं सुनाया गया



**नौगांव।** नौगांव के सिविल अस्पताल से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन कर किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 2 अक्टूबर तक एवं पोषण माह 16 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा।

इस दौरान कार्यक्रम में महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष नौगांव अनूप तिवारी, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम नौगांव जीएस पटेल, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, पूर्व नपा अध्यक्ष अभिलाषा शिवहरे, चंद्रभान सिंह गौतम, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धार जिले के बदनावर के ग्राम भैंसोला से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे प्रदेश में चलाया गया। जिसको नौगांव सिविल अस्पताल से उपस्थित सभी लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत संपूर्ण जिले के अस्पतालों, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नौगांव सिविल अस्पताल में रक्त दान शिविर में विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने रक्त दान किया। इसके अलावा अस्पताल में विभिन्न स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए। जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। साथ ही हैंडमैड उत्पादों के विक्रय हेतु शिविर भी लगाए गए। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं को नि-क्षय मित्र किट भी वितरित किए।

# ई-अटेंडेंस बनी शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब- राजा सिंह बागरी



**उमेश कुशवाहा- ब्यूरो सतना**

उद्घोष समय सतना। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालयों में शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति पर लगाम कसने के उद्देश्य से ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू की गई थी। लेकिन यह व्यवस्था अब शिक्षकों के लिए मानसिक परेशानी का कारण बनती जा रही है। दूरदराज़ एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण अधिकांश शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में उन्हें हर समय इस डर का सामना करना पड़ता है कि कहीं उपस्थिति दर्ज न होने की स्थिति में उनका वेतन न कट जाए। शिक्षकों का मुख्य कार्य अध्यापन है, किंतु सुबह-शाम ई-अटेंडेंस की औपचारिकता पूरी करने के चक्कर में उनका मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। इस निर्णय से शिक्षकों की भावनाएँ आहत हुई हैं,गौरतलब है कि अध्यापन कार्य के साथ-साथ शिक्षकों से जनगणना, निर्वाचन कार्य, बीएलओ ड्यूटी और अन्य कई जिम्मेदारियाँ निभवाई जाती हैं। अब ई-अटेंडेंस लागू कर विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षकों के कल्याण और उनकी परेशानियों से विभाग को कोई लेना-देना नहीं है। राजा सिंह बागरी, जिला उपाध्यक्ष, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, जिला सतना ने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों और छात्रों दोनों के हितों के विपरीत है। सरकार को चाहिए कि शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक लगाए।उन्होंने यह भी आग्रह किया कि शिक्षकों एवं छात्रों के हितार्थ इस विषय को समाचार पत्रों में अवश्य प्रमुखता से स्थान दिया जाए, ताकि सरकार तक शिक्षकों की वास्तविक आवाज़ पहुँच सके।

# अनूपपुर पुलिस व्दारा हाईवे किनारे ढाबा पर चल रहे जुआ फड पर रेड




हाईवे किनारे बने देहली दरबार फेमली ढाबा में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो 08 जुआडी 1. राजेश चौहान पिता रंजीत चौहान उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 अमरकंटक तिराहा के पास अनूपपुर 2. दीपक कोरी पिता दशरथ कोरी उम्र 25 वर्ष निवासी जमुनिहा टोला वार्ड न.11 थाना कोतवाली जिला अनूपपुर 3. अरबाज खान पिता अब्दुल रहमान उम्र 18 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती वार्ड न. 15 थाना कोतवाली अनूपपुर 4. जितेन्द्र गुप्ता पिता अशोक गुप्ता उम्र 34 वर्ष निवासी बस्ती रोड वार्ड न. 10 इंदिरा चौक के आगे बस्ती रोड थाना कोतवाली अनूपपुर 5. अमित सिंह पिता प्रकाश सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी बिहारी कालानी वार्ड न. 09 थाना कोतवाली अनूपपुर 6. संतोष कुमार राठौर पिता बेसाडू लाल राठौर उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड न. 09 पीडब्ल्यूडी के पीछे अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर 7. राधे पटेल पिता श्रवण पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी मेडियारास थाना चचाई अनुपपुर 8. राजेश पटेल पिता राकेश पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड न. 09 पुरानी बस्ती कोर्ट के पीछे थाना कोतवाली अनूपपुर ताश के पत्तों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पाये गये जिनसे मोके पर कुल नगदी 67805 रूपये स्विफ्ट कार एवं मारूति वैन एवं मोबाईल फोन जप्त किये गये। पुलिस व्दारा रंगे हांथों पकडे गये जुआडियों को थाना कोतवाली अनुपपुर लाया जाकर अपराध क्र. 456/2025 धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान जी के निर्देशन में हाईवे किनारे ढाबा में चल रहे जुआ फड को रेड कर कार्यवाही करने में टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन यातायात प्रभारी विनोद दुबे, सहायक उपनिरीक्षक गोविन्द पनिका, सहायक उप निरीक्षक भगवान सिंह पाटले, प्रधान आरक्षक जीतेन्द्र सिंह, रामधनी तिवारी, शुभम वर्मा, राजेश बडोले, कपिल सोलंकी, राहुल बर्डे की टीम के व्दारा घेरा बन्दीकर कार्यवाही की गई।

# मोटरसायकल से शराब तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, मोटर सायकल और शराब जप्त

रायगढ़, 17 सितंबर । आज दिनांक 17 सितंबर 2025 को चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक मोटरसायकल में सवार होकर दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर पहाड़ मंदिर की ओर से रायगढ़ शहर की तरफ जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने लोचन नगर मेन रोड के पास घेराबंदी की और मुखबिर के बताए अनुसार आते हुए दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मोटरसायकल चालक मोहम्मद साबीर पिता मोहम्मद मुनीर निवासी चांदनी चौक और उसके पीछे बैठे मोहम्मद सद्दाम मलिक पिता स्वर्गीय कुतुबुद्दीन मलिक उम्र 36 वर्ष निवासी मधुबनपारा के रूप में हुई। जांच के दौरान मोहम्मद सद्दाम मलिक के कब्जे में रखे प्लास्टिक थैले से 35 पाव देशी मदिरा बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने शराब को अवैध बिक्री के लिए ले जाना स्वीकार किया। आरोपियों से 35 पाव देशी मदिरा शराब कीमती 2800 रूपये और एक काला रंग का होण्डा लिवो मोटर सायकल क्र0 छ्त्र 13 4232 कीमती 40,000/- रूपये को जप्त किया गया ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, आरक्षक नरेन्द्र भारद्वाज और आरक्षक रूपराम साहू की सक्रिय भूमिका रही।

# सागर में होगा बुंदेली क्रिएटर अवार्ड एवं बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान समारोह

**उमेश कुशवाहा - ब्यूरो प्रमुख**

**उद्घोष समय सागर।** बुंदेलखंड की कला, संस्कृति और भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक विशेष पहल के तहत आगामी 12 अक्टूबर 2025, रविवार को रविन्द्र भवन, सागर में ÷बुंदेली क्रिएटर अवार्ड एवं बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान समारोह÷ का भव्य आयोजन किया जाएगा,इस समारोह का नेतृत्व प्रसिद्ध समाजसेवी व बुंदेली संस्कृति के प्रचारक डॉ. हरीश रहगड़ कर रहे हैं। पेशे से डॉक्टर और ÷बुंदेली पॉडकास्ट÷ यूट्यूब चैनल के संस्थापक डॉ. रहगड़ लंबे समय से बुंदेलखंड की बोली, लोककला और संस्कृति को आधुनिक मंच पर प्रस्तुत करने का कार्य कर रहे हैं,कार्यक्रम में बुंदेलखंड के यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम क्रिएटर्स, गायक, लोककलाकार व समाजसेवी एक साझा मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में चयनित कलाकारों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार स्वरूप विशेष कैश प्राइज प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, बुंदेली संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को प्रतिभा सम्मान से नवाज़ा जाएगा,समारोह में समाजसेवी मिश्रीचंद गुप्ता का विशेष सहयोग रहेगा। गुप्ता जी वर्षों से गरीबों व जरूरतमंदों की सहायता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।




डॉ. रहगड़ ने कहा कि - ÷बुंदेली संस्कृति हमारी धरोहर है। इस आयोजन के माध्यम से हम कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित कर आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ- बुंदेली गीत, संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ,यूट्यूब, फेसबुक व इंस्टाग्राम क्रिएटर्स का सम्मान,समाजसेवियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को प्रतिभा सम्मान,विजेताओं को विशेष कैश प्राइज

कार्यक्रम का विवरण- 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) स्थान ङ्क रविन्द्र भवन, सागर (मध्यप्रदेश) समय ङ्क प्रातः 11 बजे से से रात्रि 10 बजे तक प्रोग्राम किया जाएगा आयोजन यदि कोई प्रतिभागी या कलाकार इस कार्यक्रम से जुड़ना चाहता है तो वह इंस्टाग्राम आईडी पर जाकर संपर्क कर सकता है।

# छतरपुर पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषक, ध्यान भटकने वाले दुर्घटना प्रभावी, निर्धारित मानकों के विपरीत मॉडिफाइड साइलेंसरों के विनष्टीकरण की हुई कार्यवाही



शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण करने वाले एवं अन्य चालकों का ध्यान भंग कर दुर्घटना की संभावना बढ़ाने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग की जा रही है। छतरपुर नगर में यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेकिंग प्वाइंटों पर अभियान चलाकर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत पाए गए ध्वनि प्रदूषण कारक साइलेंसर तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं प्राप्त राशि शासन के खाते में जमा की गई। चेकिंग के दौरान ऐसे मॉडिफाइड साइलेंसर मैकेनिक की सहायता से हटाकर कंपनी फिटेड साइलेंसर पुनः लगाए गए। साथ ही, जब्त किए गए मानक-विपरीत साइलेंसरों को नष्ट करने की कार्रवाई भी की गई। आज थाना यातायात परिसर में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत एवं पुलिस टीम की उपस्थिति में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रोलर मशीन के माध्यम से जब्त किए गए मॉडिफाइड साइलेंसरों का विनष्टीकरण किया गया।

## छतरपुर पुलिस का सभी वाहन चालकों हेतु यह संदेश है कि–

शासन द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत किसी भी यंत्र का उपयोग न करें। अनियंत्रित गति, ध्वनि प्रदूषण एवं दुर्घटना प्रभावी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर स्वच्छोत्सव का किया शुभारंभ

### ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### नागरिकों को स्वच्छता की दिलाई शपथ

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के एम.वाय. हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एम.वाय.हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे और वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने नागरिकों का आहवान



किया कि न तो गंदगी करें और न होने दें। ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के लॉंचिंग लोगो का विमोचन भी किया।

इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे ङ्क मोबाइल, चार्जर, पंखे, कंप्यूटर पार्ट्स, बैटरी, टीवी, रिमोट इत्यादि जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर लगातार जारी रहने वाला विशेष अभियान है। अभियान के आगामी चरणों में नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स रखे जाएंगे, जहाँ नागरिक अपने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कर सकेंगे। साथ ही नगर निगम द्वारा घर- घर से भी वेस्ट कलेक्शन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अभियान में अपने घर, दुकान एवं कार्यालयों से निकलने वाले पुराने एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निर्धारित स्थानों पर ही जमा करें। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, विधायक श्री गोलू शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।

## हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार 5 हजार रूपये का ईनामी आरोपी शातिर बदमाश सौरभ फायर आर्म्स सहित गिरफ्तार

### 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थो की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आयुष गुप्ता (भा.पु.से.), तथा नगर पुलिस अधीक्षक रांझी श्री सतीश कुमार साहू के मार्गदर्शन में थाना रांझी की टीम द्वारा हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार ईनामी आरोपी को 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस सहित रंगे हाथ पकडा गया है।थाना प्रभारी रांझी श्री उमेश गोल्हानी ने बताया कि दिनॉक 16-9-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक गुलाबी टीशर्ट काला लोवर पहने हुये देशी पिस्टल रखे इंद्रा आवास निमार्णाधीन बिल्डिंग के नीचे खडा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसनें नाम पता पूछने पर अपना नाम सौरभ सिंह ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवास सुभाष नगर झण्डा चौक बतया जो तलाश लेने पर कमर मे एक देशी पिस्टल खोंसे मिला चैक करने पर जिसकी मैग्जीन में 1 कारतूस होना पाया गया आरोपी के कब्जे से 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कारतूस कहॉ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है। उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स के 1 दर्जन से अधिक अपराध पजीबद्ध है।

आरोपी सौरभ थाना रांझी के अपराध क्रमांक 460/25 धारा 109, 232(1), 296, 3(5) बीएनएस में फरार था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा 5 हजार रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। आरोपी को थाना रांझी के अपराध क्रमांक 460/25 धारा 109, 232(1), 296, 3(5) बीएनएस के प्रकरण में भी विधिवित गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय भूमिका - फरार ईनामी आरोपी को अवैध शस्त्र के साथ रंगे हाथ पकडने में प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम अहिरवार, चंद्रभान, आरक्षक मनीष, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

## स्क्रीनिंग शिविरों में होगी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान

### 15 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक चलाया जा रहा है अभियान

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** प्रदेश के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर 15 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। चिन्हित बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं और परिचय-पत्र मुहैया कराए जाएंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। नव चिन्हित दिव्यांग बच्चों को 30 नवंबर तक यूडीआईडी नंबर जारी करने तथा शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है श्रीमती वायंगणकर ने बताया कि जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभाग सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजाति कल्याण, लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, आयुष, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग शिविरों के आयोजन में भूमिका निभाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 पंचायत का तथा शहरी क्षेत्रों में 5 से 6 वार्डों का एक क्लस्टर बनाकर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# एम.पी. ट्रांसको के पेंशनर्स के लिये अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना हुई ऑनलाइन

### गूगल फॉर्म लिंक की भी सुविधा उपलब्ध

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने अपने पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को बिजली कंपनियों की कैशलेस स्वास्थ्य योजना का लाभ देने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। एम.पी ट्रांसको के पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स विश्व के किसी भी कोने से गूगल फॉर्म लिंक के द्वारा भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं । एम.पी. ट्रांसको ने परिवार के सदस्यों के लिए एक हेल्पडेस्क की व्यवस्था भी की है, जहां से आवश्यक जानकारी परिवार के सदस्य प्राप्त कर सकते है।



एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने बताया कि कंपनी के 4520 पेंशनर्स के लिए आवश्यक फॉर्म वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिये गये है और इसके अलावा एक समर्पित ईमेल भी क्रिएट किया गया है जिसमें फॉर्म भेजे जा सकते है।

श्री महरोत्रा ने आगे बताया कि कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है, पेंशनर्स गूगल फॉर्म लिंक, वेबसाइट या ईमेल के द्वारा सॉफ्ट कॉपी में भी 30 सितंबर 25 तक आवेदन कर पुष्टि के लिये बाद में हार्ड कॉपी किसी भी माध्यम से जमा करवा सकते है। एम.पी. ट्रांसको ने ऐसी व्यवस्था की है कि हार्ड कॉपी के लिए किसी को मुख्यालय जबलपुर आने की बाध्यता नहीं रहेगी। एम.पी. ट्रांसको के प्रदेश भर के सभी संभागीय या वृत कार्यालय तथा इंदौर, भोपाल या जबलपुर स्थित क्षेत्रीय लेखा कार्यालय या डिप्टी डायरेक्टर (पेंशन), मुख्य वित्तीय अधिकारी जबलपुर के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करवाई जा सकती है।

## सेवा पखवाड़ा के पहले दिन जिले में तेरह स्थानों पर लगाये गये रक्तदान शिविर

### 2 हजार 124 यूनिट रक्त का संग्रह, युवाओं ने दिखाया जोश

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आज से शुरू हुये सेवा पखवाड़ा पर जबलपुर जिले में लगाये गये सभी तेरह रक्तदान शिविरों में 2 हजार 124 यूनिट का संग्रह हुआ है। पीड़ित मानवता की सेवा के इस महायज्ञ में जिले के नागरिकों खासतौर पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। शिविरों में तय समय सुबह दस से पहले रक्तदान शुरू हो गया था।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जबलपुर शहर में छह और जिले में एक साथ तेरह स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाये गये थे। जबलपुर शहर में जिला अस्पताल (विक्टोरिया), सिविक सेंटर मढाताल स्थित गुजराती मंडल, सिविल अस्पताल राँझी, तिलवारा रोड स्थित ज्ञानगंगा इंजियनियरिंग कॉलेज, आईटीआई के समीप कटंगी रोड स्थित श्रीराम इंजियनियरिंग कॉलेज एवं सिविल लाईन स्थित महाकौशल कॉलेज में तथा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सिहोरा, पाटन, मझौली, पनागर, शहपुरा, कुंडम और बरगी में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया था। रक्तदाताओं का स्वागत करने सभी रक्तदान शिविरों की आकर्षक साज-सज्जा की गई, प्रवेश द्वार को लाल और सफेद गुब्बारों से सजाया गया था और रंगोली भी डाली गई थी। रक्तदान शिविरों में सेल्फी स्टैंड भी लगाए गये थे, जहाँ रक्तदाता सेल्फी लेकर हैशटैग को टैग कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकते थे। शिविरों में रक्तदाताओं को रक्तदान करने के तुरंत बाद प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने विधायक श्री अजय



विश्नोई ने पाटन और मझौली, विधायक श्री अशोक रोहाणी ने सिविल अस्पताल राँझी, विधायक सुशील तिवारी इंदु ने पनागर, विधायक श्री नीरज सिंह ने शहपुरा एवं विधायक श्री संतोष वरकड़े ने कुंडम में लगाये गये रक्तदान शिविर पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और प्रमाणपत्र प्रदान सम्मानित किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शहर में लगाये गये सभी रक्तदान शिविरों का भ्रमण करते रहे। उन्होंने रक्तदाताओं से चर्चा भी की और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान भी किया। बरगी विधायक नीरज सिंह ने शहपुरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान किया। महाकौशल कॉलेज में नेत्र दिव्यांग युवक शमसुद्दीन ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवा पखवाड़ा के पहले दिन लगाये गये रक्तदान शिविरों में सेंट अलॉयसिस कॉलेज में 319, श्रीराम कॉलेज में 522, ज्ञानगंगा कॉलेज में 247, महाकौशल कॉलेज में 118, गुजराती मंडल में 205, जिला अस्पताल में 121, पाटन में 206, सिहोरा में 74, पनागर में 45, शहपुरा में 77, बरगी में 17, कुंडम में 77 और मझौली में लगाये गये शिविर में 96 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।

## कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** राजा शंकरशाह व कुवंर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस के अवसर पर 18 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने आज तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने माल गोदाम के पास राजा शंकरशाह व कुवंर रघुनाथशाह की प्रतिमा स्थल, रानी दुर्गावती संग्रहालय, एलगिन हॉसपिटल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आगाज

### स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** स्वच्छ भारत मिशन पहल के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे पर दिनाँक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक स्वच्छता ही सेवा - 2025 कैंपेन अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक मती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में और तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में बुधवार दिनांक 17.09.2025 से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आगाज हो गया है। महाप्रबंधक मती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा तीनों मण्डलों के मंडल रेल प्रबंधकों एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और रेल कर्मियों को रेलवे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने एवं अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

अभियान के पहले दिन बुधवार 17 सितम्बर 2025 को स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने के उद्देश्य से मुख्यालय रेलवे परिसर में महाप्रबंधक मती शोभना बंदोपाध्याय ने पमरे मुख्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस स्वच्छता शपथ में रेल कर्मियों ने श्रमदान का संकल्प लिया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार-प्रसार और रेल परिसर को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गई। इस स्वच्छता शपथ के अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी, प्रधान वित्त सलाहकार सु मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक




मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम. एस. हाशमी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एस एस पाराशर, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### इस अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसके अन्तर्गत निनलिखित गतिविधियाँ शामिल रहेंगी -

* रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों इत्यादि में स्वास्थ्य शिविर और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाए जाएँगे।

* मैराथन, साइक्लोथॉन और वॉकथॉन का आयोजन होगा।

* एसबीएम स्पोर्ट लीग का आयोजन किया जाएगा।

* वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

* कचरे को कम करने, उसका पुनः उपयोग करने और पुनर्चक्रण करने पर केंद्रित होंगी।

* पुनर्चक्रित उत्पादों की बिक्री से जुड़ी गतिविधि होगी।

* घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

* श्रमदान के तहत सभी एक दिन, एक घंटा, एक साथ सफाई करेंगे।

* ट्रेनों और स्टेशनों पर भोजन की स्वच्छता सुनुश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलेगा।

* सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता के प्रति विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

* युवाओं में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम होंगे और स्टेशनों/ट्रेनों तथा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की जाएगी।

* बेस किचन, रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल, पेंट्री कार की सफाई के साथ-साथ पेंट्री कारों में स्मार्ट कूड़ेदानों का उपयोग बढ़ाया जाएगा।

* रेलवे ट्रैकों, स्टेशनों एवं ट्रेनों, कार्यालयों एवं जल निकायों की बड़े पैमाने पर सफाई होगी।

अंतिम दो दिनों में दिनांक 01.10.2025 को स्वच्छ ब्रीफिंग दिवस और दिनांक 02.10.2025 को महात्मा गांधी जयंती, सेवा दिवस मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता जागरूकता अभियान सम्बन्धी बैनर/पोस्टर मण्डल के प्रमुख स्टेशनों पर जगह-जगह लगाये जा रहे हैं। साथ ही स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट लगातार 350 दिन तक संचालित होने में सफल हुई। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में यह प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट है जिसने लगातार 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड स्थापित किया। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले 15 दिन में यह यूनिट लगातार 365 दिन या एक वर्ष तक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाएगी। उल्लेखनीय है कि 210 मेगावाट क्षमता की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। इससे पूर्व इस यूनिट ने इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था। इस यूनिट के सतत् बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वभिन्नि मापदंडों में भी मिली



उपलब्धि-210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 350 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने वभिन्नि मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यूनिट ने 98.71 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 95.97 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.18 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

## लखनऊ में संपन्न हुआ शायर सिद्धेश्वर की सिद्धेश्वर की ग़ज़लें पुस्तक का भव्य विमोचन



पटना के सुप्रसिद्ध कवि/शायर/चित्रकार श्री सिद्धेश्वर जी की पुस्तक सिद्धेश्वर की ग़ज़लें का भव्य विमोचन वरिष्ठ शायर कृपा शंकर श्रीवास्तव विश्वास लखनवी, भूपेन्द्र सिंह होश तथा सत्येन्द्र तिवारी के कर कमलों द्वारा दिनांक 11.09.2025 को लखनऊ में कवि संजय सागर तथा रश्मि लहर के निवास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुष्मिता सिंह की वाणी वंदना से हुआ। प्रसिद्ध शायर विश्वास लखनवी साहब ने सिद्धेश्वर जी की पुस्तक पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। कवयित्री सुश्री कीर्ति की कविताओं से कार्यक्रम आगे बढ़ा। सुष्मिता सिंह, संजय सागर, सत्येंद्र तिवारी जी सहित सभी कवियों ने एक से बढ़कर एक रचना? प्रस्तुत की। श्रीमती सिद्धेश्वर जी ने स्नेहिल भाव प्रदर्शित कर सबका मन मोह लिया। होश साहब की रचनाओं ने जहॉ कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की वहीं सिद्धेश्वर जी की ग़ज़लें सुनकर लोग वाह-वाह कर उठे। सुश्री अलका अस्थाना की सुप्रसिद्ध रचनाओं ने माहौल को नये उत्साह से भर दिया। अंत में विश्वास लखनवी साहब के अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी की रचनाओं की चर्चा/प्रशंसा हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन रश्मि लहर जी ने किया।

# प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** थाना लार्डगज में दिनॉक 16-9-25 को मैट्रो अस्पताल से सूचना मिली कि कृष्णा शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी निवासी अमखेरा कुदवारी गोहलपुर को गोलबाजार के पास चाकू लगने से घायल होने से दिनांक 16.09.25 को बडेरिया मेट्रो प्राईम मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है सूचना पर मेट्रो प्राईम मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल पहुची पुलिस को कृष्णा शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी अमखेरा कुट्वारी थाना गोहलपुर ने बताया कि वह फ्लेक्स बोर्ड बनाने का काम करता है दिनांक 16.09.2025 को एस. एस. एडवरटाईजमेन्ट गोल बाजार से अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी-20-एमजेड-0507 से अपने घर के लिये वापस जा रहा था शाम 07.30 बजे जैसे ही लोहिया पुल के पास लालमानी ट्रेडर्स के पीछे तरफ पहुंचा तभी पिन्टू गोटिया नाम का एक लडका जिसे पहचानता है उसकी गाडी के सामने आ कर जबरन रोक लिया और गालीगलौज करने लगा उसने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की नियत से अपने पास रखे चाकू को निकाल कर सीने मे मारा वह अपनी स्कूटी सहित नीचे गिर पडा फिर पिन्टू ने पीठ मे भी चाकू मारा वह चिल्लाया तो थोडी दूर खडे मनोज विश्वकर्मा और साहिल खान दौड कर आये तब पिन्टू उसकी गाडी लेकर वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2),109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आयुष गुप्ता (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री रीतेश कुमार शिव के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी लार्डगंज श्री नवल सिंह आर्य के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। गठित टीम द्वारा सरगमी से तलाश कर आरोपी पिंटू उर्फ अखिलश गोटिया उम्र 34 वर्ष निवासी बीएसएनएल कालोनी घमापुर को अभिरक्षा में लेकर एक्टीवा एमपी-20-एमजेड-0507 एवं घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त करते हुये प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को सरगर्मी से तलाश करते हुये पकडने में उप निरीक्षक राहुल बघेल, सहायक उप निरीक्षक मनोज गोस्वामी, राजेश वर्मा, आरक्षक पकंज, शुभम, राजेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

## लगातार घिरते जा रहे संजय पाठक, पाँच जिलों के कलेक्टरों को आयोग का नोटिस



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक और कटनी के खनन व्यापारी संजय पाठक की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने आदिवासियों के नाम पर लगभग 1111 एकड़ जमीन खरीदी। जिसकी शिकायत की जाँच अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग करेगा। इस संबंध में आयोग ने कटनी, जबलपुर, डिंडौरी, सिवनी और उमरिया कलेक्टर को नोटिस जारी किया है। जिसके जवाब क लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इसके साथ ही आयोग ने चेतावनी दी है कि यदि जवाब समय पर नहीं मिलता है तो सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर समन जारी किया जाएगा। इस मामले में कटनी निवासी समाजसेवी दिव्यांशु अंशू मिश्रा ने आयोग से शिकायत की थी। जिसमें विधायक संजय पाठक पर कटनी जिले के अपने चार आदिवासी कर्मचारियों के नाम डिंडौरी, जबलपुर, उमरिया, कटनी एवं सिवनी जिले में बैगा आदिवासियों के साथ धोखाधड़ी कर अरबों रूपये कीमती की 1111 एकड़ जमीनें खरीदी। वहीं इस मामले में अब पाँच जिलों के कलेक्टरों को नोटिस जारी किया गया है।

# सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा के 75 वर्ष

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रदर्शनी का उद्घाटन, पौधारोपण, एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं वार्ड स्तर पर पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया. उपरोक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय जनों की उपस्थिति रहे।

कार्यक्रमों में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, पूर्व विधायक शरद जैन, जिला महामंत्री श्री पंकज दुबे, श्री रजनीश यादव, दीपांकर बैनर्जी के साथ पार्टी पदाधिकारी, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय जनों ने सहभागिता की।







भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 75वाँ जन्मदिवस है इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमे विभिन्न सेवा प्रकल्पों को पार्टी द्वारा जिला, मंडल, वार्ड एवं बूथ स्तर पर किया जायेगा इसीलिए तारताम्य में आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे बड़ी संख्या में लोगो ने सहभागिता की।

श्री सोनकर ने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को केवल आर्थिक और राजनीतिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है, वह हम सभी कार्यकर्ताओ के प्रेरणा पुंज है और आज उनके जन्मदिवस सेवा कार्यो के माध्यम से हमने उनके द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दिया है।

श्री सोनकर ने बताया भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के दिन से ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रमों की शुरुआत हुई है। इनके साथ ही आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जो 2 अक्टूबर तक चलेंगे।

**रक्तदान शिविर :-** संगठन द्वारा दो स्थानों गुजराती मंडपम सिविक सेंटर में रक्तदान शिविर लगाए गया जिसमे 780 पंजीयन हुए और 230 युवाओं ने रक्तदान किया, इसी के साथ इंडियन कॉफी हॉउस के कर्मचारियों ने भी शिविर में आकर रक्तदान किया।

**स्वास्थ्य शिविर :-** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर डिसीलवा स्कूल बलदेवबाग में लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल फिजियेशन,हृदय रोग, दंत रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, मधुमेह, कैंसर रोग, शिशु रोग, शैल्य चिकित्सा, गुर्दा रोग, त्वचा रोग, पैथोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों की जाँच कर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

**चित्रकला प्रतियोगिता :-** कार्यक्रमों की कड़ी में दो दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय ललित कला निकेतन में किया गया जिसमे 90 छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया, जिन्होने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल इण्डिया विषय पर चित्र बनाये। कल 18 सितंबर को भी प्रतिभागी चित्र बनाएंगे उसके उपरांत उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया जायेगा।

**पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान :-** जबलपुर के सभी 79 वार्डो में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया साथ ही सार्वजानिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान किया गया। कार्यक्रम वार्ड स्तर पर आयोजित हुआ जिसमे सभी मंडल अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, वार्ड संयोजक एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

**प्रदर्शनी उद्घाटन :-** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्धघाटन आध शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक में सभी जनप्रतिनिधयों की उपस्थिति में किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बाल्यकाल से उनके सामाजिक और राजनैतिक जीवन को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रमों में संदीप जैन, डॉ अश्वनी त्रिवेदी, जय सचदेवा, सोनू बचवानी, योगेंद्र सिंह राजपूत, डॉ विवेक जैन, रोहित जैन, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, अश्वनी पराँजपे, ईशान नायक, राहुल दुबे, मनोज सेठ, नरेंद्र वर्मा, शमशुल हसन, योगेश बिलोहा के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वोकल फॉर लेकल मेला में सजे महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पाद

## प्रधानमंत्री की पहल पर सेवा पखवाड़ा अभियान का हुआ शुभारंभ

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर दिया विशेष जोर

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पूरे देश-प्रदेश में वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की मुहीम चलाई जा रही है। इस दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भी स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है तथा इसके लिए शासन स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाऍं भी संचालित की जा रही है, जिसके कारण महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भी वोकल फॉर लोकल विषयों पर विशेष फोकर किया गया है और इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर में भी मेला आयोजित करने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश दिये गए। शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम जबलपुर द्वारा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों से मेला सजा रहा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले का शुभारंभ आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद आशीष दुबे, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ पदाधिकारी अखिलेश जैन, रजनीश यादव, पंकज दुबे, योगेन्द्र राजपूत, जय सचदेवा, प्रमोद चौहटेल, अश्विनी परांजपे, पार्षद अतुल जैन दानी, श्रीमती वर्षा मनोज सेन, श्रीमती प्रतिभा भापकर, श्रीमती सोनिया रंजीत सिंह, श्रीमती मधुवाला सिंह, श्रीमती लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, पंकज मिश्रा, जागेश समुद्रे, एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, सहायक यंत्री सुनील दुबे, सिद्धार्थ दुबे, स्र्माट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रवि राव आदि के द्वारा फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मेले का अवलोकन किया और महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करते हुए उत्पादों के संबंध में जानकारी ली और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को चखकर आनंद भी उठाया। स्वदेशी मेले में 15 से अधिक स्टॉल लगे हैं, जहॉं पर महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार की गई सामग्रियों को क्रय करने के लिए स्टॉलों पर भारी भीड़ लगी रही। सभी जनप्रतिनिधियों ने महिला स्व-सहायता समूहों के सभी प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन किया और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की ओर बढ़ने तथा स्वाभिमान के साथ जीवकोपार्जन करने की शुभकामनाऍं दी।

# स्वच्छता पखवाड़ा के पहले दिन निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया शहर का सघन निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था पर फोकस करते हुए सभी दुकानदारों को दुकानों के सामने डस्टबिन रखने की दी समझाइश



### शहर की सड़कों पर नहीं दिखाई दें कचरे की ढेर-ढेरियॉं, निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ शहर के अनेक क्षेत्रों का सघन रूप से दौरा किया और सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकर करते हुए निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को दुकानों के सामने डस्टबिन रखने की समझाइश दी। इस मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर कहीं भी कचरे की ढेर-ढेरियॉं दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने इसके लिए पूरे अमले को अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शहर के विद्युत पोलों में लगे पुराने कटे-फटे फ्लेक्स बोर्ड को भी तत्काल हटवाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य अमला एवं अतिक्रमण दस्ता आपसी समन्वय बनाकर प्रतिदिन भ्रमण करें और कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने श्रीनाथ की तलैया में स्वयं खड़े होकर सफाई कराई और मलमा उठवाया। निगमायुक्त ने सिविक सेन्टर, श्रीनाथ की तलैया, आई.एस.बी.टी. परिसर तथा कठौंदा के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का जायजा लिया और इसके साथ-साथ वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की प्रक्रिया को भी समझा। इस अवसर पर निगमायुक्त ने गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करने तथा उनपर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री एवं स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, धर्मेन्द्र राज, पोला राव के साथ-साथ सभी संबंधित मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### गंदगी करने और अमानक प्रकार की पॉलीथिन विक्रय करने वालों के विरूद्ध की गयी कार्रवाई : वसूला गया 3 हजार रूपये का जुर्माना

आज निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंदगी फैलाने और अमानक प्रकार की पॉलीथिन का विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। संभाग क्रमांक 6 के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक ने बताया कि आई.एस.बी.टी. परिसर में डिस्पोजल, पानी पाउच एवं अमानक प्रकार की पॉलीथिन विक्रय करते पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गयी तथा 3 हजार रूपये जुर्माने के रूप में वसूले गए।

## देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाडा स्वछोत्सव का हुआ शुभारम्भ



### अभियान के पहले दिन शहर के सभी संभागों मे चलाया गया स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार आज स्वच्छता ही सेवा पखवाडा स्वछोत्सव विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान सभी संभागों में एक साथ प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया की इस अभियान के तहत सभी विधानसभाओं में आने वाले अलग संभागों के अलग-अलग वार्डो को सम्मिलित करते हुए विभिन्न तरह के जनजागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य शहर के सभी क्षेत्रों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जनजागरूकता अभियानों का व्यापक प्रचार एवं प्रसार करना है। आज सभी संभागों में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाकर आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा पखवाडा अभियान से आम नागरिकों को जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य कार्यक्रम संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत सुभाष चन्द्र बॉस कल्चरल सेंटर घंटाघर मे महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, राजसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज दुबे एवं पार्षदों की उपस्थिति में स्वच्छता श्रमदान एवं मेले का आयोजन के साथ हुआ। इसी क्रम में आज संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत गुलौआ तालाब महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं पार्षद गण, संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत भटौली कुंड के पास केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत मदन महल रेलवे स्टेशन के पास उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधयक अभिलाष पाण्डेय, संभाग क्रमांक 7 के अंतर्गत अधारताल मंदिर में महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, संभाग क्रमांक 12 के अंतर्गत दुर्गा मंदिर भरतीपुर मे एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर आदि की उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा शुभारंभ के प्रथम दिन स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया, जिसमें चिन्हित स्वच्छता लक्षित इकाइयों के रूपांतरण का कार्य प्रारंभ किया गया। सभी स्वच्छता लक्षित इकाइयों को 2 अक्टूबर तक रूपांतरण कर आम नागरिको के उपयोग के लिए सौंपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के अंत मे सभी को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में किसान संगठनों की बैठक संपन्न

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान संगठनों की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, उप संचालक कृषि श्री एसके निगम तथा किसान संघों के पदाधिकारी मौजूद थे।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण प्राथमिकता से करने की बात रखी। जिनमें धान, मूंग व उड़द उपार्जन के रूके हुए भुगतान कराने, नहरों की मरम्मत, खाद की सहजता से उपलब्धता आदि शामिल थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि वे किसानों के साथ सहानूभूति के साथ कार्य करेंगे। साथ ही कहा कि उर्वरक व नहरों से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण शीघ्र किया जायेगा। बैठक में नरवाई प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अभियंता श्री एमएल मेहरा ने नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया।

## युवाओं में दिख रहा रक्तदान के प्रति उत्साह.



### कलेक्टर ने की रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा में सहभागी बनने की अपील.

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आज से शुरू हुये सेवा पखवाड़ा पर जबलपुर जिले में लगाये गये सभी तेरह रक्तदान शिविरों में तय समय सुबह दस से पहले रक्तदान शुरू हो गया है। रक्तदान को लेकर युवाओं में ज्यादा उत्साह दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने शिविरों में पहुँच रहे हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रक्तदान को पुण्य का कार्य बताते हुये जिले के सभी नागरिकों से रक्तदान शिविरों में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा के इस महायज्ञ में अपनी पुण्य आहुति दें। सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर जिला अस्पताल (विक्टोरिया), सिविक सेंटर मढाताल स्थित गुजराती मंडल, सिविल अस्पताल राँझी, तिलवारा रोड स्थित ज्ञानगंगा इंजियनियरिंग कॉलेज, आईटीआई के समीप कटंगी रोड स्थित श्रीराम इंजियनियरिंग कॉलेज एवं सिविल लाईन स्थित महाकौशल कॉलेज में लगाये गये हैं। जबलपुर शहर के इन छह रक्तदान शिविरों के साथ ही सिहोरा, पाटन, मझौली, पनागर, शहपुरा, कुंडम और बरगी के स्वास्थ्य केंद्रों में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है। रकदाताओं का स्वागत करने सभी रक्तदान शिविरों की आकर्षक साज-सज्जा की गई है, प्रवेश द्वार को लाल और सफेद गुब्बारों से सजाया गया है साथ ही रंगोली डाली गई है। रक्तदान शिविरों में सेल्फी स्टैंड भी लगाए गये हैं, जहाँ रक्तदाता सेल्फी लेकर हैशटैग को टैग कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकेंगे। शिविरों में रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जा रहा है और रक्तदान करने के तुरंत बाद उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का राष्ट्रस्तरीय शुभारंभ आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार जिले से किया। राष्ट स्तरीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण वेब माध्यम से समस्त जिला मुख्यालयों के साथ प्रत्येक ग्राम स्तर तक किया गया। जबलपुर में इसका सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री आशीष दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, नगर निगम महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, कैंट विधायक श्री अशोक रोहाणी, विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय, जिला अध्यक्ष नगर श्री रत्नेश सोनकर, श्री दीपांकर बनर्जी, डॉ जितेंद्र जामदार, श्री रिंकू विज, श्री अखिलेश जैन, श्रीमती अश्विनी परांजपे, कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी, डॉ कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता व अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण को सुना। प्रधानमंत्री के लाईव टेलीकास्ट के पूर्व सांसद श्री दुबे ने सेवा पखवाड़ा के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि इसमें जो-जो विषय शामिल हैं उनका लाभ आम जनता को सहजता से सुनिश्चित हो। यह अभियान समाज के कल्याण व राष्ट्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह अभियान आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना पर अधारित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के प्रेरणापुंज हैं, उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया है। जिसमें महिलाओं की समस्याओं को पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाऐं सुनिश्चित कराना है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पीड़ति मानवता की सेवा के लिए आगे आकर रक्तदान कार्यक्रम में सहभागी बने।



उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के तहत आज 17 तारीख सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों पर महिलाओं की जांच, स्क्रीनिंग तथा उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम में आज सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705